हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 29 दिसंबर 2025



तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री

पार्थिव शिवलिंग पूजन से प्राप्त होते हैं शुभ फल: रामानुज सत्यम 4



## खबर संक्षेप

### जांजगीर में निशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप का आयोजन 4 को

**जांजगीर-चांपा।** जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। डॉ लोकेंद्र कुमार कश्यप ने कहा कि यह मेगा कैंप शिविर 4 जनवरी को क्षेत्रीय विधायक जांजगीर-चांपा व्यासनारायण कश्यप के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा और यह आयोजन संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जांजगीर में आयोजित किया जायेगा। ब्लड प्रेशर जांच,ईसीजी, टू डी ईको, यूरिन टेस्ट,ब्लड शुगर जांच,एच बी ए टी सी, बीबीसी टेस्ट,सीरम क्रिएटिनिन, कोलेस्ट्रॉल जांच ,ऑक्सीजन सैचुरेशन और बीएमआई, बी एम आई ,टीएमटी ट्रेड मिल टेस्ट इत्यादि जांच की सुविधाएं हैं। रविवार 4 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जांजगीर में आयोजित किया गया है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप का लाभ उठाने की अपील की हैं।

### रोजगार एवं आजीविका ऋण मेला 7 जनवरी को

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देश के परिपालन में जिले में आजीविका सशक्तिकरण एवं रोजगार सृजन कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में आजीविका ऋण मेला एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 07 जनवरी को जनपद पंचायत पामगढ़ के सद्भावना भवन, पामगढ़ में 16 जनवरी को जनपद पंचायत बम्हनीडीह के शासकीय हाई स्कूल भवन, ग्राम पंचायत कपिस्दा, बम्हनीडीह में एवं 28 जनवरी जनपद पंचायत नवागढ़ को स्कूल संगठन भवन, ग्राम पंचायत खैरताल (जी.एल.डी.), स्कूल केरा रोड, नवागढ़ में रोजगार मेला एवं आजीविका ऋण मेला आयोजन किया जाएगा।

### सारागांव क्षेत्र में ट्रैक्टरों से 24 घण्टे हो रहा रेत का अवैध परिवहन

**बिर्रा।** क्षेत्र में रेत माफिया पूरी तरह से सक्रिय है। चाहे दिन हो या रात निरन्तर इनका काम बखूबी से चल रहा है। वह भी पूरी तरह से अवैध रेत एवं ओवरलोडिंग ट्रेक्टरों में सुबह से लेकर पूरे दिन परिवाहन करते है। पूरे चौबीसों घंटे सारागांव नगर के प्रमुख मार्ग से होकर गुजर रही है रेत से भरी दर्जनों वाहन मगर इन अवैध तरीके से रेत के परिवाहन करने वाले माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही नही होना पुलिस एवं माइनिंग विभाग की उदासीनता को उजागर कर रही है। बम्हनीडीह क्षेत्र के नदी से रेत निकाल कर ट्रेक्टरों में ओवरलोड कर करीब 20 से 25 किलोमीटर दूर तक रेत का परिवाहन किया जा रहा है। इन अवैध तरह से रेत परिवाहन करने वाले ट्रेक्टरों के चालको द्वारा वाहन को तेज गति से नगर के व्यस्तम मार्ग से निकाली जाती है। मगर इन सब से स्थानीय पुलिस प्रशासन को कोई परवाह नही है। जिससे नगर के लोगो मे आक्रोश है जो कभी भी भड़क सकता है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कोसमंदा।** चांपा से लगे ग्राम कोसमंदा में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुष्पेन्द्र वैष्णव, पिता शत्रुहन वैष्णव, उम्र 33 वर्ष, वार्ड क्रमांक 5, गायत्री मंदिर के पास, ग्राम कोसमंदा का निवासी था। बताया जा रहा है कि युवक ने अज्ञात कारणों से लगभग रात 8:30 बजे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

कार्यवाही नहीं होने के चलते भू माफियाओं के हौसले बुलंद

# जिला मुख्यालय से लगे गांवों में नहीं थम रहा अवैध प्लाटिंग का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे आसपास के गांव के जमीनों पर अवैध प्लाटिंग का सिलसिला नहीं थम रहा है। जमीन की अवैध प्लाटिंग कर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में बेचने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। खास बात यह है कि इस पर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हो पाने के चलते भूमि माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले की पहचान प्रदेश के सर्वाधिक घनी आबादी वाले जिलों में की जाती है। ऐसे में यहां आकर लोग जमीन खरीद कर रहना चाहते हैं। जांजगीर शहर से लगे आसपास के गांव खोखरा, खोखसा, बनारी, कुलीपोटा, दर्राभाठा, मुनंद समेत आसपास गांव के खेती योग्य कृषि भूमि को कम दामों में खरीद कर उसे अवैध रूप से प्लाटिंग कर बेचने का काम भू माफिया कर रहे हैं। भूमि माफियाओं के द्वारा जमीन की खरीदी करने के दौरान इस बात की गारंटी दी जाती है कि इन जमीन पर खेती किसानी का काम करके फसल लगाया जाएगा लेकिन इस तरह की कोई गतिविधियां नजर नहीं आ रही है। कृषि भूमि को भू माफियाओं द्वारा छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर उसे प्लाटिंग के रूप में बेचने का काम किया जा रहा है। ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्र के लोग अपने जरूरत के हिसाब से हर साल बड़े पैमाने पर जमीन की खरीदी करते हैं ताकि अपना खुद का मकान होने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोग शहरों में आकर अपने बच्चों को पढ़ाई लिखाई की समुचित सुविधा दे सके। इसी का फायदा भू माफिया उठा रहे है। कई भू माफिया जिला मुख्यालय से लगे गांव की कृषि भूमि को किसानों से कम दाम पर खरीदने के बाद अवैध रूप से प्लाटिंग कर अधिक दाम में बेचने का काम लगातार कर रहे हैं। वहीं इस पर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हो पाने के चलते इन भूमि माफियाओं के हौसले भी लगातार बुलंद होते चले जा रहे है। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत की ज्यादातर जमीन खेती करने के योग्य है लेकिन इन जमीन का उपयोग अवैध रूप से प्लाटिंग के रूप में किया जा रहा है। लंबे समय से इस दिशा में कार्रवाई नहीं होने से भूमि माफियाओं का खेल जारी है।



कृषि भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग।

### पूर्व में हो चुकी है गिरफ्तारी

अवैध प्लाटिंग के मामले में कुछ साल पहले कार्रवाई हुई थी, लेकिन उसके बाद से किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई है। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे आसपास के गांव के कृषि योग्य भूमि की खरीदी करके उसका उपयोग अवैध रूप से प्लाटिंग के रूप में करने के मामले में पूर्व में सिटी कोतवाली जांजगीर में आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्यवाही हो चुकी है । वहीं मामले में पूर्व में करीब दो दर्जन से अधिक लोगों को नोटिस भी दिया गया था। इसके बाद लंबे समय से अवैध प्लाटिंग को लेकर किसी तरह की कार्यवाही नहीं हो पाने के चलते ऐसे भूमि माफियाओं के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

### की जाएगी कार्यवाही

जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे आसपास के गांव के कृषि योग्य भूमि की खरीदी करके उसका उपयोग यदि अवैध रूप से प्लाटिंग के रूप में कर रहे हैं तो इस मामले की जानकारी लेकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

-सुब्रत प्रधान
एसडीएम, जांजगीर

# नाबालिग ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से मासूम की मौत

## गुस्साए ग्रामीणों ने वाहन को किया आग के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सक्ती जिले के जैजैपुर थाना क्षेत्र के भोथिया गांव में नाबालिग ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव की गली में अनियंत्रित ट्रैक्टर लोहे के खंभे से टकरा गई, जिससे खंभा एक मासूम बच्चे के ऊपर आ गिरा। हादसे में 9 वर्षीय मोनिक चंद्रा की मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया, जिससे ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जैजैपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भोथिया में शनिवार 27 दिसंबर की शाम एक नाबालिग ट्रैक्टर चला रहा था। ट्रैक्टर की गति तेज होने के कारण वह अपना नियंत्रण खो बैठा। अचानक नियंत्रण बिगड़ने से ट्रैक्टर सड़क किनारे लगे लोहे के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खंभा उखड़कर पास में खड़े 9 वर्षीय मोनिक चंद्रा के ऊपर जा गिरी। खंभे में दबने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया, जिससे ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इधर घटना की सूचना पर जैजैपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर काफी तनाव का माहौल था। मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात को नियंत्रित किया और अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था के लिए आसपास के थानों से भी पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस की समझाईश के बाद किसी तरह माहौल शांत हुआ। फिलहाल जैजैपुर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। नाबालिग चालक के ट्रैक्टर चलाने के मामले में कानूनी पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



जला ट्रैक्टर तथा इंसेट में मृत मासूम।



सड़क पर उडता धुल का गुबार।

### भाजपा का विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन आज से

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर चाम्पा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन भारत रत्न अटल की स्मृति में भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सोमवार 29 दिसंबर से आरंभ होगा। भाजपा के जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम मे लगातार प्रतिदिन पार्टी के निर्देशानुसार अलग अलग आयोजन किए जा रहे है जिसकी शुरुआत 24 दिसंबर को अटल परिसर जांजगीर मे स्वच्छता अभियान चलाकर हुई। इसी क्रम मे सोमवार 29 दिसंबर से विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक विधानसभा मे तीन वक्ता होंगे जो अटल के जीवन पर व्याख्यान व संगोष्ठी करेंगे। जिसकी शुरुआत अलकतरा विधानसभा से होगी और मंगलवार 30 दिसंबर को जांजगीर व पामगढ़ मे कार्यक्रम होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### सैर सपाटा...



**जांजगीर-चांपा।** ठंड का मौसम और शीतकालीन अवकाश के चलते इन दिनों पिकनिक स्पॉट गुलजार नजर आ रहे है। लोग प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट देवरी समेत अन्य स्थानों पर सैर सपाटा कर वन भोज का आनंद ले रहे है।

## सड़क मरम्मत की हो रही खानापूर्ति

# राहौद-बुंदेला मार्ग पर धूल का गुबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

राहौद से बुंदेला की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग विभागीय लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बना हुआ है। सड़क मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। अधिकारियों के आश्वासन के बावजूद मार्ग की आधी-अधूरी मरम्मत के कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है।

राहौद से बुंदेला तक जाने वाली सड़क की हालत बदतर हो चुकी है। सड़क पर धूल का गुबार छाया रहता है। लगातार की गई मांग के बाद अधिकारियों ने 15 दिनों में कार्य पूर्ण करने का दावा किया था, लेकिन आज भी राहगीर धूल, गड्ढों और बदहाल सड़क से जूझने को मजबूर हैं। बरसात में जहां यही सड़क कीचड़ और पानी से लबालब रहती थी, वहीं अब गर्मी के मौसम में वाहनों के गुजरते ही धूल के गुबार उड़ रहे हैं। इससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क सुधार के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई गई। कुछ दूरी तक गिट्टी डालकर काम छोड़ दिया गया, जिससे गड्ढे और उखड़ी सड़क और भी खतरनाक हो गई है। दिनभर इस मार्ग से छात्र-छात्राएं, कर्मचारी और आम नागरिक आवागमन करते हैं, लेकिन विभाग ने अब तक स्थायी समाधान नहीं किया। धूल के कारण लोगों को आंखों में जलन, सांस लेने में तकलीफ और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल जाने वाले बच्चों और महिलाओं को हो रही है। नागरिकों द्वारा जल्द से जल्द कार्य नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

### जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य पद पर आवेदन की अंतिम तिथि आज

**जांजगीर-चांपा।** पंचायत संचालनालय अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत जिले में रिक्त संविदा पदों जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र पर भर्ती हेतु 29 दिसम्बर तक सायं 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन केवल डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश जिले की वेबसाइट तथा जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सूचना पटल से प्राप्त किए जा सकते हैं। इस दौरान निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन 29 दिसंबर की शाम तक स्वीकार किए जाएंगे।

# वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट फेल, खोखरा डंपिंग यार्ड से जनता त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में स्वच्छता व्यवस्था की पोल खोलता हुआ खोखरा रोड स्थित कचरा डंपिंग यार्ड गंभीर जनसमस्या का रूप ले चुका है। शहर भर से एकत्र किया जा रहा कचरा बिना किसी वैज्ञानिक निस्तारण के खुले में डंप किया जा रहा है, जिससे आसपास के रहवासी इलाकों में बदबू और मच्छरों का आतंक है। वहीं बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

नगर पालिका द्वारा वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट से कचरे के सुरक्षित निपटान का प्लान तैयार किया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यह प्रोजेक्ट पूरी तरह फेल नजर आ रहा है।जांजगीर का खोखरा रोड स्थित कचरा डंपिंग यार्ड शहरवासियों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गया है। कई सालों से यहां पर डंप होने वाला कचरा सड़क किनारे खुले मैदान में जमा हो रहा है। इससे न सिर्फ भारी दुर्गंध फैल रही है बल्कि आसपास के आवासीय इलाकों में स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएँ उभरी हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर प्रशासन द्वारा कूड़े का वैज्ञानिक निस्तारण और वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम शुरू करने के नाम पर कई योजनाएँ घोषित की गई थीं। लेकिन इन प्रोजेक्टों का क्रियान्वयन अधूरा रहने के कारण कचरे का ढेर बढ़ता जा रहा है और कोई ठोस समाधान अब तक नहीं मिल पाया है। खोखरा रोड पर कचरे के बड़े-बड़े ढेर सड़क के किनारे तक फैल चुके हैं। हवा चलते ही कचरा उड़कर सड़क और आसपास के मोहल्ले में पहुंच जाता है। कई जगहों पर कचरे में आग लगा दी जाती है, जिससे जहरीला धुआं निकलता है और सांस लेने में दिक्कत होती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बच्चों और बुजुर्गों में खांसी, एलर्जी और बुखार जैसी शिकायतें आम हो गई हैं। नगर पालिका द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण, गीला-सूखा कचरा अलग करने और प्रोसेसिंग यूनिट के दावे किए गए थे, लेकिन हकीकत में खोखरा डंपिंग यार्ड में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। जानकारों का मानना है कि जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट दम तोड़ चुका है।



शांति नगर में कचरे का ढेर व उड़ता धुआ।

## शिक्षा एवं संस्कार यात्रा के साथ महामहोत्सव का समापन

# सात घोड़े पर सवार होकर निकली पंच पमेश्वरों की झांकी, दस जोड़े का हुआ आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विराट सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव का समापन विशाल शिक्षा एवं संस्कार यात्रा के साथ हुआ। पंच परमेश्वरों की झांकी जांजगीर के भाटापारा के हाकी मैदान से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए सूर्यांश प्रांगण पर समापन समारोह में समाहित हुआ। वहीं 10 जोड़े का आदर्श विवाह भी सम्पन्न हुआ।

सूर्यांश प्रांगण में सात घोड़े पर सवार होकर वरों की बारात निकाली गई। जिसमें हजारों बारातियों ने सहभागिता कर नाचते-गाते वधू पक्ष के पास स्वागत के लिए पहुंचे जहां वधू पक्ष के द्वारा बारातियों का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। वर-वधु को उपस्थित मंचासीन अतिथियों के साथ हजारों की संख्या में विशाल जनमानस ने उपस्थित होकर विवाह के विभिन्न रीति रिवाजों में सहभागिता करते हुए नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व शोभायात्रा के साथ पंच परमेश्वरों के जन्म स्थली से लाए गए चरण रज एवं सरोवरों के जल का अभिनंदन सूर्यांश धाम खोखरा में किया गया। पंच महापुरुषों का पूजन अर्चन करते हुए जांजगीर के भाटापारा स्थित चर्च मैदान से सात घोड़ों पर सवार पंच परमेश्वरों की विशाल भव्य शिक्षा एवं संस्कार शोभायात्रा समाज के प्रमुखों जनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ जिसमें साथ बड़ी संख्या में सूर्यांश साधक गण शामिल थे। सूर्यांश प्रांगण महोत्सव स्थल में शोभा एवं संस्कार यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभा एवं संस्कार यात्रा से आए पंच परमेश्वरों की झांकी का पूजा अर्चना कर उन्हें मंचासीन किया गया जिनमें गुरूदेव सहसराम देव, मोहरसाय देव, मालिकराम देव, देवमन देव एवं सखाराम देव का सफेद घोड़े पर सवार प्रतीकात्मक झांकी पर सवार बाल रूप शामिल थे। शोभा एवं संस्कार यात्रा का नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर स्वागत किया गया जिनमें नगर के विभिन्न संस्थाओं एवं प्रबुद्ध वर्गो के व्यक्ति शामिल थे।




समापन के अवसर पर निकली शोभायात्रा।

# हरियाणा और यूपी से दो नाबालिग बालिकाएं सकुशल बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दो नाबालिग बालिकाओं को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर कर भगाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने हरियाणा एवं उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों आरोपियों द्वारा माह अगस्त वर्ष 2022 में दो नाबालिग बालिकाओं को शादी करने का झांसा देकर बहला -फुसलाकर घर से भगा ले जाया गया था। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना शिवरीनारायण में अलग अलग अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। शिवरीनारायण पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी। तकनीकी साक्ष्यों एवं सतत प्रयासों के माध्यम से एक नाबालिक बालिका को गुरुग्राम हरियाणा से एवं दूसरे नाबालिक बालिका को जगतापुर थाना इंदरगढ़ जिला कन्नौज से सकुशल बरामद किया। पूछताछ करने पर नाबालिक बालिका को शादी करने का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाकर अनाचार करना अपना अपना जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम

**चैतमा।** निकटवर्ती ग्राम चैतमा मे कृषि विकास सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के मार्गदर्शन मे 14 दिवशीय जिला स्तरीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 2 अलग अलग बैच में 60 से अधिक लघु एवं सीमांत उद्यमियों, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों ने भाग लिया एवं औद्योगिक विकास, वितीय प्रबंधन एवं शासकिय योजनाओं के बारे मे जानकारी ली। कार्यक्रम में कृषि विकास सहकारी समिति से सहायक शाखा प्रंधक चेना राम जाट, उमा शंकर धाकड़ एवं सुश्री नीतू कैवर्ट ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनर कन्हैया नायक ने भी प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

### बांग्लादेश घटना के विरोध में बजरंग दल ने किया पुतला दहन



**गेवरा-दीपका।** बंगलादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दीपका नगर के बजरंगियों द्वारा बांग्लादेश मुर्दाबाद इस्लामिक आतंकी मुर्दाबाद का नारेबाजी के साथ आक्रोश प्रदर्शन बजरंग चौक दीपका में किया गया एवं बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका गया। जिसमें प्रमुख रूप से बजरंग दल दीपका नगर संयोजक अभिषेक यादव विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री चिंता माफी मिश्र एवं बजरंग दल के समस्त प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### त्रिदोष को संतुलित रखकर रहा जा सकता है निरोगीः डॉ. शर्मा

**कोरबा।** महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ द्वारा ऑन लाइन 25 दिवसीय 100 घंटे के प्रांतीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर 3 में त्रिदोष अनुसार प्रकृति निर्धारण तथा प्रकृति अनुसार आहार-विहार से सुस्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पतंजलि योगपीठ हरिद्वार उत्तराखंड के आजीवन सदस्य, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित सुप्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने त्रिदोष (वात-पित्त-कफ) के आधार पर अपनी प्रकृति का निर्धारण कैसे करें इस विषय पर विस्तार से बताते हुए सभी को त्रिदोषों का संतुलन बनाये रखने के लिये अपनी प्रकृति अनुसार आहार-विहार करने को कहा। क्योंकि त्रिदोषों को संतुलित रखकर ही हम निरोगी रह पायेंगे। साथ ही उन्होंने प्रकृति अनुसार आहार-विहार न करने को रोगोत्पत्ति का मूल कारण बताया। इस 25 दिवसीय 100 घंटे के वर्चुअल सह योग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ ओडिशा, झारखंड सहित 11 जिले से 118 प्रतिभागी महिलायें महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ के राज्य प्रभारी सुश्री जया मिश्रा, राज्य सोशल मीडिया प्रभारी गीतांजलि पटनायकजी एवं राज्य कार्यकारिणी हेमलता साहू के मार्गदर्शन में सह योग शिक्षक का प्रशिक्षण ले रही हैं।

### महिला कल्याण समाज का पिकनिक व भ्रमण

**कोरबा।** महिला कल्याण समाज एसईसीएल इंदिरा विहार द्वारा 25 दिसंबर को समाज की 50 महिलाओं एवं बच्चों के लिए रायपुर जंगल सफारी एवं पुरखौती मुक्तांगन का एक दिवसीय पिकनिक भ्रमण सचिव श्रीमती माधुरी तिवारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों ने जंगल सफारी में वन्यजीवन का अवलोकन किया तथा पुरखौती मुक्तांगन में प्रदेश की समृद्ध संस्कृति एवं कला से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने आनंद, उत्साह एवं आपसी सौहार्द के साथ यादगार समय व्यतीत किया। महिला कल्याण समाज का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है।

# सरपंचों पर बकाया सरकारी राशि वसूलने शुरु होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिन ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों की शासकीय राशि बकाया है उनसे वसूली के लिए अब कार्यवाही की जाएगी। कुछ पंचायत सचिवों को नोटिस जारी की गई है वहीं ऐसे लापरवाह पंचायत सचिवों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की भी तैयारी शुरु हो गई है। बीते दो माह में पंचायत सचिवों के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही किए जाने के साथ उनका स्थानांतरण भी किया गया था।

पंचायत चुनाव के समय चुनाव लड़ने के इच्छुक पूर्व सरपंचों ने बकाया राशि का भुगतान करते हुए एनओसी लेकर पंचायत चुनाव लड़ा था। ऐसे सरपंचों से बकाया शासकीय राशि की वसूली तो हो गई वहीं दूसरी ओर ऐसे सरपंच भी सामने आए जो शासकीय राशि डकारने के बाद चुनाव भी नहीं लड़े और जीतने वाले सरपंच को प्रभार देने के लिए 3 से 4 महीना घूमाते रहे। इस मामले में जब प्रशासन द्वारा सख्ती बरते जाने के बाद नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार तो मिला लेकिन सरकार की बकाया राशि नहीं मिल सकी। इससे ऐसे पंचायतों में विकास कार्यों के लिए बकाया राशि की वसूली नहीं होने के कारण राशि नहीं जारी की जा रही थी। अब ऐसे ग्राम पंचायतों के विरुद्ध बकाया राशि वसूली का अभियान चलेगा। पूर्व सरपंचों के अलावा पंचायत सचिव भी शामिल हैं। जो सरपंच के साथ मिलकर शासकीय राशि दबाकर बैठे हुए हैं। अकेले जनपद पंचायत कोरबा में ही 13 ग्राम पंचायत से निर्माण कार्यों की बकाया राशि वसूलने के लिए जनपद सीईओ के द्वारा नोटिस जारी की गई है। समीक्षा के दौरान ऐसी पंचायतों की संख्या 30 से अधिक है जिन पर सरकारी पैसा बकाया है।

## निलंबन की भी हो रही तैयारी

**खास बातें**

- कई पंचायत सचिवों को जारी की गई है नोटिस
- जांच के दौरान गबन का हो रहा है खुलासा



### पोड़ी पाली में सबसे ज्यादा बकाया

जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा और पाली के ग्राम पंचायतों में बकाया राशि सबसे ज्यादा है। इन जनपद पंचायतों के अंतर्गत आने वाले बकायाधारी ग्राम पंचायतों को वसूली के लिए अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के द्वारा नोटिस भी जारी की गई है। कुछ ग्राम पंचायतों के बकाया राशि वसूलने के प्रकरण पाली और पोड़ी उपरोड़ा अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में चल रहे हैं। दोनों जनपद पंचायतों के अंतर्गत आने वाली बकायाधारी ग्राम पंचायतों से जितनी राशि वसूलना है उसका आंकड़ा करोड़ के लगभग पहुंच चुका है।

## बिजली बंद होने पर सरकारी कार्यालियों में इनवर्टर है सहारा

# गांव में लग रहे सोलर पैनल, इधर कलेक्टोरेट के कई दफ्तर इससे वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में एवं शहरी क्षेत्र में बिजली बचत योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाने का काम तेजी से चल रहा है। वहीं दूसरी ओर जहां से प्रचार प्रसार के लिए निर्देश दिए जाते हैं वहीं के कई दफ्तर सोलर पैनल जैसी सुविधा से वंचित हैं। बिजली गुल होने पर इनवर्टर ही सहारा रहते हैं।

**खास बात**

- बिजली बचत योजना के तहत चल रहा प्रचार प्रसार

पिछले दो माह से सोलर पैनल लगाने एवं उसके प्रचार प्रसार का काम जिला प्रशासन के द्वारा जिस तेजी से किया जा रहा है उसके तहत गरीबों के लिए बन रहे प्रधानमंत्री आवास में भी सोलर पैनल लग गए हैं। इसके साथ ही राज्य शासन की सब्सिडी योजना के तहत आम शहरवासियों को भी इससे लाभान्वित करने का काम हो रहा है। इन सबके बीच कलेक्टोरेट के कई कार्यालय जहां से प्रचार प्रसार एवं शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन का कार्य होता है सोलर पैनल की सुविधा से वंचित हैं। जब कभी बिजली गुल हुई तो दफ्तर में लगे इनवर्टर ही सहारा रहते हैं। हालांकि इनवर्टर कुछ दफ्तरों में ही लगे हैं। कलेक्टोरेट बिल्डिंग के ऊपरी तल के छत में सोलर पैनल लगाया गया है जिसका कनेक्शन कलेक्टर चेंबर तक सीमित है। बिल्डिंग में ही चलने वाले अन्य दफ्तरों में पैनल का कनेक्शन नहीं होने के कारण उन कार्यालयों को इनवर्टर से काम चलाने की मजबूरी रहती है। एनआईसी और वीडियो कांफ्रेंसिंग जैसी महत्वपूर्ण दफ्तरों में जरुर ये सुविधाएं हैं। जिन दफ्तरों ये इनवर्टर लगा है उनमें आदिवासी विकास विभाग, खनिज विभाग आदि शामिल हैं। कलेक्टोरेट परिसर में और भी दफ्तर संचालित हैं जहां इनवर्टर खराब हो गए हैं। बिजली गुल होने पर ऐसे दफ्तरों में काम काज ठप रहता है।



फाइल फोटो

### ब्लाक मुख्यालयों में भी नहीं लगे पैनल

जिला मुख्यालय के अलावा ब्लॉक मुख्यालयों के सरकारी कार्यालयों में भी इसकी दरकार बनी हुई है। जिले में 5 ब्लॉक मुख्यालय आते हैं जिनमें शिक्षा विभाग सहित पीएचई एवं स्वास्थ्य विभाग के सीएचसी में भी सोलर पैनल सिस्टम लगाए जाने की योजना जरुर तैयार हुई थी किंतु उस पर क्रियान्वयन नहीं हो सका। जबकि ग्रामीण अंचलों में बिजली की लचर व्यवस्था का परिणाम वहां की ग्रामीण जनता के साथ साथ सरकारी कार्यालय का स्टाफ भी भुगतता है। कई बार घंटों बिजली गुल रहने के कारण वीडियो कांफ्रेंसिंग भी नहीं हो पाती।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पहली घटना बालको थाना अंतर्गत दर्री मुख्य मार्ग डेम चौक के पास घटना सामने आई है, जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन का कहर देखने को मिला। ट्रेलर वाहन ने दो बाइक सवार को अपनी चपेट में लिया। वहीं दूसरी घटना में एक बोरवेल वान चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को ठोकर मार दिया। सड़क हादसों में घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बालको में निवासरत युवक अपनी मोपेड लूना में मछली बेचने के लिए जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में मोपेड सवार युवक ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गया और ट्रेलर उसके ऊपर से पार हो गया। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि मोपेड सवार की जान बच गई अन्यथा किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। टायर की चपेट में आने से उसकी मौत भी हो सकती थी। इस दौरान एक बाइक सवार हेलमेट पहना हुआ था, जो टेलर की चपेट में आने से दूर जा गिरा। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई और घायलों को किसी तरह अस्पताल भर्ती कराया गया। इसी तरह दूसरी घटना उरगा थाना इलाके की है, कनकी के पास बोरवेल वाहन ने बाइक सवार एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया, जहां पहिए के नीचे बाइक आने से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं युवक पहिए के नीचे आ गया था, जिसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया। घायल युवक पंतोरा का रहने वाला है वह कोरबा काम से आया हुआ था और काम निपटाकर वापस लौट रहा था। घटना की सूचना मिलते ही उरगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए घायल को अस्पताल के लिए रवाना किय।

## धान खरीदी केंद्रों में किसानों से अतिरिक्त धान लेने का सामने आया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरकोमा धान खरीदी केंद्र में किसानों से सूखती के नाम पर अवैध रूप से अतिरिक्त धान लिए जाने का मामला सामने आया है साथ ही किसानों से हमाली का कार्य भी कराया जा रहा है। मामला सामने आने के बाद खाद्य निरीक्षक ने खरीदी केंद्रों की जांच पड़ताल शुरु की तो किसानों की शिकायत सामने आयी।

इस पूरे मामले के अनुसार किसानों से 40.900 किलो धान लिया जा रहा है, बोरे में धान 40 किलो और बोरे के वजन का 700 ग्राम लेना है जिससे कुल बोरे के साथ 40.700 लिया जाना है प्रति बोरा 200 ग्राम से 300 ग्राम अतिरिक्त धान किसानों से सूखती के नाम पर लिया जा रहा है। कोरकोमा, चचिया और कुदमुरा धान खरीदी केंद्र में अनियमितता की शिकायत मिलने के बाद तत्काल भैंसमा तहसीलदार के के लहरे ने कार्यवाही की बात कहते हुए जांच के लिए खाद्य निरीक्षक को मौके पर भेजा जिसमें जांच के दौरान शिकायत सही मिली। वहीं किसानों ने भी खाद्य निरीक्षक को समस्या से अवगत कराया। जांच में किसानों से 40.800 किलो धान लेने की बात सामने आईं साथ ही किसानों के द्वारा हमाली करने, धान पलटी नहीं करने, बोर से बोरे में पलटी करने की बात सामने आई, 8 हमाली के भरोसे कोरकोमा धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी की जा रही जबकि 600 क्विंटल प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट शासन ने की है, किसानों के लाए बोर से समिति के बरदाने में धान की पलटी की जा रही है, किसान स्वयं धान पलटी कर वजन कर रहे है, खाद्य निरीक्षक ने बताया कि शिकायत के आधार पर जल्द ही कुदमुरा और चचिया धान खरीदी केंद्र की जांच करने की बात कही है।



इलेक्ट्रॉनिक तौल में अधिक निकला धान।

## धान बेचने के लिए पर्याप्त समय, किसान निश्चिंत शासन की खरीदी व्यवस्था से संतुष्टि

**कोरबा।** पोड़ी-उपरोड़ा क्षेत्र के किसान सोन साय लगभग 4 से 5 एकड़ भूमि में धान की खेती करते हैं। इस वर्ष वे अब तक केवल 10 क्विंटल धान बेच पाए हैं क्योंकि उनके खेतों में अभी भी मिंजाई का काम चल रहा है। उनका कहना है कि धान बेचने को लेकर उन्हें किसी प्रकार की चिंता नहीं है। जैसे ही धान पूरी तरह सूखकर इकट्ठा हो जाएगा, वे उपार्जन केंद्र जाकर बिक्री कर लेंगे। धान की मिंजाई में जुटे किसान मान सिंह और जदुबर सिंह का भी मानना है कि खरीदी अवधि 31 जनवरी तक बढ़ाए जाने से किसानों को पर्याप्त समय मिल गया है। इससे वे बिना किसी तनाव के खेत का काम पूरा कर पा रहे हैं और समय पर उपार्जन केंद्र में धान बेचने में समर्थ होंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दिशा-निर्देशन में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण और कल्याणकारी कदम उठाए गए हैं। धान उपार्जन केंद्रों में पारदर्शी तरीके से खरीदी सुनिश्चित की जा रही है और मूल किसानों से ही धान खरीदने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं।

## पटवारी को हटाने ग्रामीण लामबंद

**बांकीमोंगरा।** जनपद पंचायत कटघोरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अरदा के पटवारी हल्का में पदस्थ पटवारी को हटाने के लिए ग्रामीण लामबंद होते हुए चक्काजाम की चेतावनी दे दी है। जनपद सदस्य श्रवण कुमार तंवर ने अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा को सौंपे ज्ञापन में 1 जनवरी तक पटवारी का स्थानांतरण नहीं होने पर 2 जनवरी को अरदा चौक में चक्काजाम किए जाने की चेतावनी दी है। अनुविभागीय अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कटघोरा जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 6 के सदस्य श्रवण कुमार तंवर ने बताया कि राजस्व पटवारी हल्का नंबर 7 ग्राम पंचायत अरदा में पटवारी के पद पर संदीप कश्यप पदस्थ है उक्त हल्के के अंतर्गत ग्राम भेजीनारा, तेलसरा, जमनीमुड़ा, घनाकछार आदि ग्राम आते हैं।

# पीएम आवास कार्य में प्रगति नहीं होने पर मैदानी अमले का रुकेगा वेतन : नाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने शनिवार को जिला पंचायत में ग्रामीण विकास विभाग की विभागीय योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, पीएम जनमन, पीएम सूर्यघर,महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन एवं डीएमएफ जिला खनिज संस्थान न्यास की गहन समीक्षा बैठक ली।

बैठक में सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना की ग्राम पंचायतवार विस्तृत समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि आवास निर्माण के कार्यों में प्रगति लावे। शून्य प्रगति वाले मैदानी अमले के वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। सीईओ ने न्यून प्रगति वाले 20 से ज्यादा तकनीकी सहायक, करारोपण अधिकारी, आवास के नोडल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एक महत्वाकांक्षी योजना है, इसके कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनपद पंचायत के सीईओ और एसडीओ को निर्देश दिए कि आवास निर्माण के कार्यों की नियमित समीक्षा करें। सीईओ ने पीएम जनमन आवास योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों के आवासों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत सीएसपीडीसीएल के समन्वय से प्रधानमंत्री जनमन आवासों में शीघ्र मीटर लगाने तथा सौर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। श्री नाग ने कहा कि खनिज न्यास मद से जनहित में बड़े पैमाने पर कार्य स्वीकृत किए गए हैं। ऐसे सभी कार्यों में प्रगति लाएं और निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने बताया कि कलेक्टर कुणाल दुदावत स्वयं डीएमएफ के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे, इसलिए कार्यों की गति और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत उन्होंने जियो टैगिंग कार्य पूर्ण करने, सामुदायिक शौचालयों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जितेन्द्र सिंह चंदेल पिता निरंजन सिंह निवासी शंकर नगर चाम्पा तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. का हूं तथा भारतीय स्टेट बैंक शाखा पामगढ़ में मेरा बचत खाता क्रं. 11291485660 है। जिसमें मेरा नाम जितेन्द्र ठाकुर पिता निरंजन सिंह दर्ज है और बैंक द्वारा जारी पासबुक में मेरा नाम जितेन्द्र कुमार सिंह पिता निरंजन सिंह दर्ज है जबकि मेरा आधार कार्ड जिसका नं. 6410 0307 2521 में एवं पेन कार्ड में नाम जितेन्द्र सिंह चंदेल पिता निरंजन सिंह दर्ज है। उपरोक्त वर्णित तीनों नाम जितेन्द्र ठाकुर, जितेन्द्र सिंह चंदेल एवं जितेन्द्र कुमार सिंह एक ही व्यक्ति का नाम है। अलग अलग व्यक्तियों का नहीं है। अर्थात् तीनों नाम मेरा ही जितेन्द्र सिंह चंदेल पिता निरंजन सिंह जाति क्षत्रीय है तथा इसी नाम से मुझे जाना पहचाना, पढ़ा, लिखा व माना जावे एवं उपरोक्त वर्णित तीनों नाम मेरा ही जितेन्द्र सिंह चंदेल पिता निरंजन सिंह का है। इसलिए यह सूचना प्रकाशित करता हूं।

दिनांक 28/12/2025

भवदीय
जितेन्द्र सिंह चंदेल
पिता निरंजन सिंह
निवासी शंकर नगर चाम्पा
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा जिला सक्ती (छ.ग.)

**ईश्तहार**

ग्राम गोबरा प.ह.नं. 09
तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम गोबरा प.ह.नं. 09 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री प्रशांत चंद्रा पिता स्व. केशवप्रसाद चंद्रा जाति चंद्रनाहू निवासी गोबरा तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. ने भूमि ग्राम गोबरा प.ह.नं. 09 तहसील डभरा भूमि खसरा नंबर 250/2 रकबा 0.020 हे./0.05 एकड़ भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 12.01.2026 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 23.12.2025 को जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकटमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन कल से 31 तक रहेंगे हड़ताल पर

**कुसमी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी- अधिकारी फेडरेशन विगत दिनों से कई चरणों में आंदोलन करते आया है फेडरेशन के प्रथम चरण आंदोलन 16 जुलाई के दौरान जिला कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंप कर फेडरेशन द्वारा अपनी 11 सूत्रीय मांगों से अवगत कराया गया था। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कुसमी के तहसील संयोजक संजीव शर्मा ब्लॉक संयोजक हरकेश भारती ने बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा लगातार शासन प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है लेकिन निराकरण नहीं होने पर प्रदेश के कर्मचारी, अधिकारी काफी आक्रोशित हैं। अब तृतीय चरण के तहत 29 से 31 दिसंबर तक हड़ताल करने का निर्णय लिया है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई खेल सामग्री



**प्रतापपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह से क्रिकेट खिलाड़ियों ने खेलने की सामग्री कीट की मांग की। जिस पर उनकी मांगों को तत्काल नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह ने खेल सामग्री उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि खेल के साथ आप लोग पढ़ाई भी अच्छे से कीजिए और अपने नगर, अपने क्षेत्र, अपने राज्य का नाम रोशन करे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और हमारे क्षेत्र की विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने खेल के क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह ने कहा कि आप लोग 18 वर्ष के हो गए हैं अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं और अच्छा नागरिक बने। अध्यक्ष सिंह ने सभी 18 वर्ष के आयु के लड़कों को मतदाता फार्म वितरण किए। उन्होंने कहा कि अपना फार्म समय से पहले बीएलओ, बीएलए के पास जमा करें ताकि आप लोग भी अपने मताधिकार का सही से उपयोग करें।

### जयंती मनाने के बाद अटल चौक पर मिली तस्वीर, लोगों में आक्रोश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ के अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने अटल के योगदान को याद करते हुए उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के बाद चौक को सजाया गया था और वातावरण उत्साहपूर्ण रहा। हालांकि, जयंती के अगले दिन अटल चौक पर अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर फेंकी हुई पाए जाने पर लोगों ने नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों ने इसे अटल के सम्मान के प्रति लापरवाही बताया और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की।

### कांग्रेस पार्षदों द्वारा दिए गए आवेदनों का ननि करा रहा परीक्षण

# हाईकोर्ट के निर्देश के बाद शुरू हुई लंबित वेतन के भुगतान की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम की पूर्व सरकार के कार्यकाल के लंबित वेतन भुगतान को लेकर हाईकोर्ट के निर्देश के बाद ननि में आवेदनों के परीक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ननि द्वारा प्रकरणों का निराकरण करने के लिए आवेदनकर्ता महापौर और पार्षदों के साथ ही सभी पार्षदों के लंबित वेतन भुगतान का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। शासन से स्वीकृति मिलने के आने वाले समय में लंबित वेतन का भुगतान होने की उम्मीद है।

**खास बात**

- शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

बता दें कि नगर निगम में वर्ष पूर्व की सरकार के वर्ष 2019 से 2025 के कार्यकाल के दौरान चुने हुए महापौर और पार्षदों का मानदेय जून 2023 से लंबित है। राज्य शासन से राशि का आबंटन नहीं किए जाने और ननि सरकार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण महापौर और पार्षदों के वेतन का भुगतान नहीं हो पाया था। पूर्व की सरकार ने अपनी ओर से हरसंभव प्रयास किए और सामान्य सभा से सर्वसम्मति से सभी के मानदेय का भुगतान करने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था लेकिन राशि जारी नहीं हुई और सत्ता परिवर्तन हो गया। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत द्वारा भी अपनी ओर से लंबित मानदेय के भुगतान हेतु प्रयास किए जा रहे थे और पार्ट-पार्ट में राशि जारी करने का आश्वासन भी दिया गया था लेकिन इस बीच पूर्व महापौर एवं कांग्रेस से जुड़े 21 पार्षदों ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायालय ने इस मामले में निगम अम्बिकापुर के समक्ष मानदेय नहीं मिलने वाली अवधी का हिसाब देने और हिसाब प्राप्त होने के 3 माह के अंदर राज्य सरकार के नोटिफिकेशन दिनांक 12 मई 2022 के हिसाब से निपटारा करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देश के बाद पूर्व महापौर और पार्षदों ने अपने वेतन बनाया का विवरण दिया था। अब नगर निगम द्वारा दिए गए विवरण का परीक्षण किया जा रहा है और यह देखा जा रहा है कि महापौर और पार्षदों का वास्तविक में कितना भुगतान शेष है इसके बाद प्रकरण बनाकर ननि द्वारा राज्य शासन को भेजा जाएगा।



#### प्रतिमाह 7.50 लाख का वेतन

बता दें कि नगर निगम में महापौर का प्रतिमाह का मानदेय 30 हजार रुपए जबकि पार्षदों का मानदेय 15 हजार रुपए है। इस हिसाब से वर्तमान में ननि में महापौर पार्षदों के वेतन पर 7.50 लाख रुपए का खर्च आता है। नगर निगम में पूर्व कार्यकाल में जून 2023 से जनवरी 2025 तक पार्षदों और महापौर को मानदेय भुगतान नहीं किया गया है। इस अवधि के लिए निगम के 47 पार्षदों और महापौर का कुल 1.43 करोड़ का मानदेय बकाया है। उच्च न्यायालय के द्वारा जिन 22 याचिकाकर्ता पार्षदों और महापौर के लिये आदेश जारी किया है उन्हें आगामी 3 माह में 67 लाख का भुगतान करना होगा। वर्तमान में भी नगर निगम के महापौर और पार्षदों को दो माह का वेतन नहीं मिल पाया है।

#### कर रहे भुगतान

पूर्व की सरकार में काम करने के लिए इच्छाशक्ति की कमी थी इसलिए वे मानदेय तक प्रदान नहीं कर पाए। हमने कहा था कि धीरे-धीरे लंबित वेतन भुगतान कर दिया जाएगा लेकिन वे कोर्ट चले गए। हमारी सरकार में हम नियमित रूप से अधिकारी-कर्मचारियों, प्लेसमेंट कर्मियों का वेतन भुगतान कर रहे है और इसके महापौर-पार्षद मानदेय भी नियमित रूप से जारी किया जा रहा है।

-**श्रीमती मंजूषा भगत**, महापौर

#### कराया जा रहा है परीक्षण

अभ्यावेदन का परीक्षण कर किया जा रहा है। पार्षद, महापौर का कितना मानदेय बचा है इसकी जांच कराकर शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। शासन से स्वीकृति मिलने पर राशि का भुगतान होगा।

-**डीएन कश्यप**, आयुक्त



### ठंड से राहत के लिए जला रहे नेकी की दीवार में रखे उपयोगी कपड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जरूरतमंद लोगों के उपयोग के लिए शहरवासियों द्वारा नेकी की दीवार में संग्रहित कपड़ों का उपयोग ठंड से राहत के लिए किया जा रहा है। घड़ी चौक विवेकानंद स्कूल परिसर के पास सड़क किनारे निवासरत ययावर परिवार नेकी की दीवार में रखे कपड़े को जलाकर आग ताप रहे हैं।

शहर के गांधी स्टेडियम के मुख्य द्वारा पर लंबे समय से नेकी की दीवार का संचालन किया जा रहा है। शहरवासी जरूरतमंद लोगों के उपयोग योग्य कपड़े नेकी की दीवार में छोड़ जाते हैं। इन कपड़ों में पैंट, शर्ट, साड़ी, चादर, स्वेटर, टोपी सहित अन्य कपड़े होते हैं। पूर्व में बड़ी संख्या में जरूरतमंद व्यक्ति इन कपड़ों का उपयोग करते थे। अब शहरवासियों द्वारा कपड़े रखते ही कुछ महिलाएं उठा ले जाती हैं। घड़ी चौक के पास यायावर परिवार के सदस्य भी भोर होते ही इन कपड़ों को ले आते हैं तथा उपयोगी कपड़ों को जलाकर आग तापते हैं। यायावर परिवार के सदस्यों द्वारा ठंड से राहत के लिए उपयोगी कपड़ों को जलाने का सिलसिला मध्य नवम्बर से ही चल रहा है। सुबह कलेक्टर कार्यालय में घूमने जाने वाले लोगों ने कपड़ों को जलाते देख यायावर परिवार के सदस्यों को बार-बार समझाइश देकर ऐसा करने से मना किया वही कुछ लोगों ने इस तरह की मनमानी पर सदस्यों को डांट भी लगाई इसके बावजूद स्थिति नहीं बदली है। अभी भी यायावर परिवार के सदस्य आग तापने के लिए नेकी की दीवार में रखे उपयोगी कपड़ों को जला रहे हैं।

### पति पत्नी के पैर धोकर कराई घर वापसी, वनांचल क्षेत्रों में चल रहा धर्मांतरण का खेल

**डांड़गांव।** विकासखंड उदयपुर एवं लखनपुर वन क्षेत्र के दर्जनों गांवों में गरीब तबके के लोगों का तेजी से धर्मांतरण हो रहा है। हिन्दू संगठनों द्वारा विरोध एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहे ताकि सनातन धर्म एवं संस्कृति बनी रहे। ग्राम पटकुरा में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में पति-पत्नी का पैर धोकर विधि विधान पूर्वक घर वापसी कराया गया।

विकास खंड उदयपुर के कुदरत बसवार, सायर, कुंडेवा, भकुरमा, मरैया, मंत्रीगा सहित आसपास के वन क्षेत्र में धर्मांतरण का खेल लंबे समय से चल रहा है। इसके अलावा लखनपुर ब्लाक के पटकुरा, अरगोती, बिनिया,जीविलिया, राई डांड़, जमदरा सहित अन्य कई वन क्षेत्र में धर्मांतरण हो रहा है। संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर हर वन क्षेत्र मंडल वार विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन पहली बार हो रहा है जहां सनातन धर्म संस्कृति को बचाए रखने के लिए लगातार जोर दिया जा रहा है। साथ ही धर्मांतरण का विरोध कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। विगत दिन पटकुरा में हुए विशाल हिन्दू सम्मेलन में पति पत्नी का पैर धौकर पूजा अर्चना कर संघ परिवार के लोगों ने घर वापसी कराया है और आगे की बड़े रूप में इन वन क्षेत्र में घर वापसी कार्यक्रम का ऐलान किया है। खंड कार्यवाह यतेंद्र पाण्डेय ने कहा कि इतने समृद्ध विरासत के बावजूद अगर संगठित नहीं है तो गलती हमारी है। सम्मेलन में ग्राम पटकुरा के चंदन राम आ. चमरू और उनकी धर्मपत्नी का हिंदू धर्म में पुनः घर वापसी हुई जिसे संघचालक और खंड कार्यवाह ने पैर पखार कर पूजा अर्चना के पश्चात घर वापसी कराया ।कार्यक्रम में बिहारीलाल उराव, सोनसाय, अजय सोनी, भोला यादव, रितेश गुप्ता, बृजलाल साहू, चुन्दु लाल, सुधीर गुप्ता, पंडित अमितेश, भोला यादव, संजीव सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### बस्तामुक्त विद्यालय में वीर बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम

**बिश्रामपुर।** प्रथम बस्तामुक्त माध्यमिक शाला रुनियाडीह में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह वक्ता वासुदेव यादव प्रदेश सचिव अखिल भारतीय बनवासी कल्याण आश्रम जशपुर प्रांत रहे।

इस दौरान मंच पर अन्य अतिथियों में गुरुद्वारा समिति बिश्रामपुर के पूर्व ज्ञानी सरदार अनिल सिंह, राजेश कुमार,शशि किरण खेस, जयंती भगत, शेष नारायण क्षत्रिय,देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। संस्था में गीत, कविता, भाषण तथा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता वासुदेव यादव द्वारा सिक्ख समुदाय के योगदान को भारतीय समाज के लिए अतुलनीय बताया तथा इनके जैसा समाज हितैषी बनने हेतु उपस्थित जनों को प्रेरित किया गया। गुरुद्वारा समिति के पूर्व ज्ञानी अनिल सिंह द्वारा उपस्थित जनों को सिक्ख गुरुओं सहित समुदाय के कार्यों को बताते हुए उनके बलिदानों को याद किया गया। इस दौरान संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी, ओमवती नेताम, पार्वती सिंह, चंद्रकला, हेमराज सिंह, गोपाल राम, एनवति राजवाड़े अध्यक्ष एसएमसी, कौशिल्या राजवाड़े, विजेंद्र लाल जायसवाल शैक्षिक समन्वयक, पार्वती राजवाड़े, संजीव सिंह व अन्य उपस्थित थे। वीर बाल दिवस विषय पर आयोजित चित्रकारी में प्रथम शिवम विश्वकर्मा, द्वितीय शांति सिंह, भाषण में प्रथम पायल राजवाड़े, द्वितीय मिनाक्षी राजवाड़े, गीत में प्रथम मिनाक्षी एवं टिकेश्वरी राजवाड़े, द्वितीय वेद राजवाड़े, कविता में प्रथम विनीता एवं वंदना, द्वितीय कुश देवांगन रहे,सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप

### ख्वाजा गरीब नवाज के 814वें उर्स पर आम लंगर का आयोजन



**सक्ती।** सूफी संत हजरत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती अजमेरी के 814वें उर्स के मुबारक मौके पर सक्ती के राजापारा में मुस्लिम समाज द्वारा विशाल 'आम लंगर' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों और स्थानीय नागरिकों ने शिरकत की। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उर्स के अवसर पर सक्ती के मुस्लिम समाज ने आपसी भाईचारे और खिदमत-ए-खल्क (मानवता की सेवा) का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष दुआ और फातिहा ख्वानी से हुई, जिसमें देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी गई। इसके पश्चात आम जनता के लिए लंगर (भोजन) वितरित किया गया। लंगर में किसी भी भेदभाव के बिना सभी धर्मों और वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि ख्वाजा गरीब नवाज की शिक्षाएं हमेशा प्रेम और सेवा पर आधारित रही हैं, और यह लंगर उसी परंपरा का एक हिस्सा है। इस सफल आयोजन में मुस्लिम समाज के युवाओं और बुजुर्गों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के इमाम सैफुल्लाह मिस्बाही ने फातिया और सभी के लिए दुआ की। इस मौके पर हाजी मुनव्वर खान, शम्स तमरेज खान, जमाल खान, जावेद खान, अलीम करीम खान,अज़लाल खान, रज्जब अली,रज्जाक अली, दानिश अंसारी,शमीम खान,आरिफ़ खान, अनीश खान, रिक्की खान, ज़फ़र खान, वसीम खान, उस्मान खान, शेख नाजीर, जमीर खान, शाहरुख खान, सफीक खान, शेख मुनव्वर, प्रशांत साहू, विवेक साहू शामिल रहे।

### सिलादेही में तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह आज से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय भव्य जयंती समारोह का आयोजन सोमवार 29 दिसंबर को शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पंथी पार्टी के लिए पुरस्कार राशि समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा। जयंती समारोह का समापन बुधवार 31 दिसंबर को होगा। समारोह की आवश्यक तैयारियां ग्रामवासियों के द्वारा पूरी कर ली गई है।

### वेद श्री सम्मान से बोधीराम साहू हुए सम्मानित

**जांजगीर-चांपा।** वेदांत पब्लिकेशन छत्तीसगढ़ द्वारा काव्य संकलन वेदांश राष्ट्रीय साझा संकलन में



उत्कृष्ट सृजन एवं रचनात्मक योगदान, शिक्षा, साहित्य, समाज सेवा में उल्लेखनीय कार्य व प्रतिभा पर डॉ.बोधी राम साहू को वेद श्री सम्मान 2025 से सम्मान पत्र, राष्ट्रीय साझा काव्य संग्रह देकर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में विलक्षण प्रतिभा,समाज सेवा की भावना, साहित्य सृजन, कला संस्कृति संवर्धन,शिक्षा प्रदेयो, महनीय शोध कार्य,सुदीर्घ हिंदी सेवा,राष्ट्र परिवार, साहित्य और समाज के प्रति समर्पण,प्रेरक व्यक्तित्व पर प्रदान किया गया है। ज्ञात हो कि ये इसके अलावा राज्य, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लगभग 304 से भी अधिक सम्मानों से विभूषित हो चुके है। इनके सम्मानित होने पर डा. शिवनारायण देवांगन आस,डा.राघवेंद्र राठौर,बसंत चतुर्वेदी, प्रमोद आदित्य, सत्येंद्र सिंह, विजय प्रधान, जे. सी. साहू, दिलीप साहू, केशव साहू, रामरतन साहू ने प्रसन्नता जाहिर की है।

### सेमरा में हिन्दू समागम का आयोजन कल

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत भवन सेमरा में विशाल हिन्दू समागम का आयोजन मंगलवार 30 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लोमश साहू पालक भारतीय कुष्ट निवारक रोग कात्रेनगर चाम्पा, वक्ता कबड्डी दास महंत सत्य निज नाम बोध संस्थान पोड़ी राछा, चिरंजीव लाल रात्रे समाज सेवक कोटिया होंगे। नरेंद्र कौशिक ने हिन्दू समागम में सर्व समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### उद्यानिकी फसलों की बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 तक

**सक्ती।** जिला अंतर्गत कृषक पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत उद्यानिकी फसलों की सुरक्षा हेतु 31 दिसम्बर तक फसल बीमा के लिए आवेदन कर सकते हैं। योजना अंतर्गत रबी मौसम की फसलें टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, आलू एवं प्याज का बीमा कराया जा सकता हैं। बीमा कराने के लिए इच्छुक किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति, भारतीय बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि अथवा उद्यानिकी विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों से संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। बीमा अंतर्गत अधिसूचित फसलों के लिए बीमित राशि का 5 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर की दर से प्रीमियम निर्धारित किया गया है। अधिसूचित फसलों में टमाटर 6000, बैंगन 3850, फूलगोभी 3500, पत्तागोभी 3500, प्याज 4000 एवं आलू 6000 रुपए की देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर की दर से निर्धारित की गई है।

## उर्वरा शक्ति खत्म होने के साथ बढ़ रहा ग्लोबल वार्मिंग का खतरा

# खेतों में पैरा को आग के हवाले कर रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खेतों में धान कटाई मशीनों से करने के बाद पैरा और ठूंठ खेतों में ही छोड़ दिया गया है, अब किसान इसे खेतों में ही जला रहे हैं। इससे ना केवल जमीन की उर्वरा शक्ति कम हो रही बल्कि ग्लोबल वार्मिंग का लगातार खतरा बढ़ रहा है। वहीं खेतों में पैरा जलाने पर 15 हजार रुपए जुर्माना का प्रावधान भी है, लेकिन इसके बाद भी खेतों किसान पैरा को जला रहे है।

कृषि विभाग के अनुसार धान कटाई के बाद खेतों में सस्ते दर पर उपलब्ध ट्राइकोड्रामा डालकर जोताई कर सकते हैं, जो खेत में खाद का काम करता है। इसके अलावा नाडेप टांका और वर्मी टैंक बनाकर खेतों में ही केंचुआ खाद बनाई जा सकती है, लेकिन, इस दिशा में कही भी काम नहीं किया जा रहा है। धान कटाई के बाद किसान खेत में बचे पैरा को आग लगा कर जला रहे हैं। इससे न केवल आगजनी की आशंका बढ़ गई बल्कि वायु प्रदूषण से सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। घास-फूस सहित सभी वस्तुएं जलकर खाक होने के कारण मवेशियों को चारा की दिक्कत हो रही है। क्षेत्रवासियों ने आग लगाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग प्रशासन से की है। मजदूरों की कमी व आधुनिकीकरण के चलते किसान अब मजदूरों की जगह खेती किसानी में यंत्रों का प्रयोग कर रहे हैं। क्षेत्र के किसान भी इससे अछूते नहीं रह गए हैं। किसान अब धान मजदूरों से कटाई, मिंजाई कराने के बजाए थ्रेसर, हार्वेस्टर का प्रयोग कर रहे हैं। इससे न केवल बिना मजदूरों के काम हो रहा है बल्कि समय की भी बहुत ज्यादा बचत हो रही है। एक समय था जब किसानों धान की कटाई मिंजाई कराने में महीनों लग जाते थे पर अब बहुत कम समय में धान का पूरा कामकाज हो जाता है। हार्वेस्टर से कटाई कराने के बाद धान का पैरा खेतों में छूट जाता है। ज्यादातर किसान खेतों में पड़े पैरा को इकट्ठा नहीं करते बल्कि उन्हें आग के हवाले कर दे रहे हैं। इससे न केवल वातावरण प्रदूषित हो रहा है अपितु पैरा के साथ घास-फूस भी जलने से मवेशियों को चारे की दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने इन खेतों में पड़े पैरा को आग लगाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग शासन-प्रशासन से की है। कृषि विभाग की माने तो कुछ पैसे बचाने और जल्दी के चक्कर में रहे तो आने वाले दशक भर में खेत बंजर हो जाएगा। इसके कारण खेतों में उर्वरा शक्ति खत्म होने के साथ मिट्टी के जीवाणु मरने के साथ इससे ग्लोबल वार्मिंग का लगातार खतरा बढ़ रहा है। कृषि विभाग के अनुसार धान कटाई के बाद खेतों में सस्ते दर पर उपलब्ध ट्राइकोड्रामा डालकर जोताई कर सकते हैं, जो खेत में खाद का काम करता है। इसके अलावा नाडेप टांका और वर्मी टैंक बनाकर खेतों में ही केंचुआ खाद बनाई जा सकती है, लेकिन, इस दिशा में कही भी काम नहीं किया जा रहा है। खेतों में आग लगाकर किसानों को लगता है कि खरपतवार को नष्ट किया जा रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि इससे किसानों को उल्टा नुकसान हो रहा है। वहीं पशुओं के लिए चारा की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है। खेतों में पैरा जलाने पर 15 हजार रुपए जुर्माने का भी प्रावाधान है।



फसल कटने के बाद खेत में जलता पैरा।

### फेफड़े और सांस की बीमारी की बढ़ी आशंका

खेत में आग लगाने से ग्रीन हाउस गैस मिथेन, कार्बन मोनो ऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड, नाइट्रोजन के अन्य ऑक्साइड का उत्सर्जन होता है। खेत में आग लगाने से फेफड़े की बीमारी की आशंका के साथ ही कैंसर कारक तत्व उत्पन्न होते हैं।

### मिट्टी में पोषक तत्व घटने से फसल उत्पादन प्रभावित

मिट्टी की संरचना में नाइट्रोजन, फास्फोरस, सल्फर, जिंक, पोटाश, मैग्नीज, कोबाल्ट, कापर, कैल्शियम, बोरान, मैग्निशियम, आयरन और सिलिकॉन जैसे सत्रह पोषक तत्व पाए जाते हैं, मगर खेतों में अवशेषों को जलाने से मिट्टी में मौजूद ये पोषक तत्व घटने लगे हैं और फसल उत्पादन कम हो रहा है।



# बाबा गुरु घासीदास का जीवन सभी को प्रेरणा देने वाला : मिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

- उरैहा में सतनाम महोत्सव एवं दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

सतनामी युवा संगठन उरैहा के तत्वाधान में गुरु पर्व के पावन अवसर पर सतनाम महोत्सव एवं दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन आदर्श ग्राम उरैहा चंडीपारा में 26 एवं 27 दिसंबर को किया गया। 27 दिसंबर को समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी अध्यक्ष जिला पंचायत, अध्यक्षता मुकेश रात्रे, विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष लहरे, श्रीमती संतोषी मनोज रात्रे,भुवनेश्वर प्रसाद रात्रे, दिनेश थवाईत,सुरेंद्र कश्यप,श्रीमती नर्मदा निराला उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बाबा गुरुघासीदास एवं बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की तैल प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर किया गया। उपस्थित जान समुदाय को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष सत्य लता मिरी ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास का जीवन प्रेरणा प्रदान करने वाला है उन्होंने ने सत्य के मार्ग पर चल कर जीवन जीना सिखाया है । आज छोटे छोटे गांवों में उनकी जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि समाज के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए शासन की आजीविका से संबंधित योजनाओं का लाभ लेना चाहिये। हम सब जो आर्थिक रूप से सक्षम है उनकी जवाबदारी बनती है कि समाज के युवाओं को सहयोग कर उन्हें आगे बढने में मदद करें। कार्यक्रम के सभी अतिथियों ने अपने विचार रखते हुए बाबा जी के जीवन को आत्मसात कर आगे बढ़ने का आहवान किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से 30 किलो आटा का एक बड़ा सा छत्तीसगढ़ का खास व्यंजन अंगाकर रोटी बना कर सभी को वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश रात्रे एवं मनोज रात्रे द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में शामिल पंथी पार्टियों को अतिथियों के सहयोग से नगद राशि एवं शील्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक आर्यन रात्रे, मिंटू राय, पंकज बंजारे, विकास राय, ओंकार टंडन, सुमन कुमार मनहर, तारेश रात्रे, सत कुमार पात्रे, रितेश राय, बृजेश भार्गव का इस आयोजन में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ ।



# नगर पंचायत नरियरा में अटल परिसर का लोकार्पण

**नरियारा।** नगर पंचायत नरियरा में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101 में जयंती के अवसर पर नगर के भगत कुऑ के पास स्थित अटल परिसर का लोकार्पण पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, विधायक प्रतिनिधि दरबार सिंह महिपाल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधिका सहगल उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति दुबे भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश सिंह सुमित प्रताप सिंह एवं पार्षदों नगर वासियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा वर्चुअल माध्यम से अटल परिसर के उद्घाटन के साथ हुआ। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि विचारधारा संवेदना और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतीक है अटल परिसर जैसे सार्वजनिक स्थलों के निर्माण से समाज को एकजुट करने और विकास की दिशा में सकारात्मक ऊर्जा मिलती है गुलाब सिंह चंदेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने करवाया था। राज्य शासन द्वारा उनकी स्मृति में प्रदेश की समस्त नगर पालिका नगर पंचायत में अटल परिसर का निर्माण करा कर उनकी स्मृतियों एवं योगदान को सहजने का प्रयास किया है। शत्रुघ्न राठौर ने अटल जी के जीवन चरित्र पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन बसंत यादव ने किया।

# पार्थिव शिवलिंग पूजन से प्राप्त होते हैं शुभ फलः रामानुज सत्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

**खास बात**

- शिवलिंग उत्पत्ति की दिव्य कथा ने भक्तों को किया भावविभोर

सृजन कला धर्मजागरण एवं आध्यात्मिक संस्था द्वारा आयोजित तथा "दैविक पथ" के तत्वावधान में अघोरपीठ जनसेवा अभेद आश्रम, पोड़ी दल्हा में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा एवं प्रवचन सप्ताह के दूसरे दिन वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक रामानुज सत्यम कृष्ण शुक्ल महाराज ने पार्थिव एवं अन्य शिवलिंगों का विधिवत पूजन कराते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रस से सराबोर किया।

उन्होंने पार्थिव शिवलिंग पूजन के महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि मिट्टी से निर्मित पार्थिव शिवलिंग का श्रद्धापूर्वक पूजन करने से भक्त को शीघ्र शुभ फलों की प्राप्ति होती है तथा जीवन के कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि पार्थिव शिवलिंग पूजन व्यक्ति के मन, वाणी और कर्म को शुद्ध करता है तथा भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है।शिवलिंग सृष्टि की अनादि-अनंत शक्ति का प्रतीक है, जो सृजन, संरक्षण और संहार का संदेश देता है। शिवलिंग के माध्यम से शिव-शक्ति के अद्भुत स्वरूप का बोध होता है और भक्त के जीवन में आध्यात्मिक जागरण का संचार होता है।कथा स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया। पूरे वातावरण में ₹हर-हर महादेव के जयघोष₹, मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता रहा। दूसरे दिन की कथा ने श्रोताओं के मन में शिवभक्ति की गहरी अनुभूति जागृत हुई। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।




उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाते रामानुज सत्यम कृष्ण शुक्ल।

# नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन नव वर्ष पर गरीबों को कंबल एवं हेलमेंट का करेगा वितरण

**सक्ती।** नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन नव वर्ष के उपलक्ष्य में ग्राम रैनखोल में गरीबों को कंबल एवं हेलमेट का वितरण करेगा। साथ ही बच्चे को मिठाई के साथ वहां पर वनभोज का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय बैठक में लिया गया। छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन की रविबार 28 दिसंबर को बैठक मे सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि नव वर्ष के उपलब्ध पर 4 जनवरी रविवार को पाहड़ो से घिरो अंन्तिम छोर पर आदिवासी गांव रैनखोल में गरीब परिवारो को कंबल वितरण करेंगे एवं बच्चे को मिठाई के साथ वहां पर वनभोज का आयोजन किया जाएगा। पुलिस सप्ताह 1 जनवरी से प्रांरभ हो रहा है, उसमे हेलमेंट का वितरण नागरिक सुरक्षा के लिए फाउडेशन की ओर वितरण करेगे। मुख्यरुप से उपस्थित जिलाध्यक्ष रामनरोश यादव, उपाध्यक्ष अनूप अग्रवाल,मागेराम अग्रवाल, कृष्ण कुमार गवेल, महासचिव गोविद देबागन,प्रवक्ता राजीव लोचन ठाकुर, कोषाध्यक्ष विजय मितल,म जिलाध्यक्ष नेहा गुप्ता, उपाध्यक्ष ,श्रीमती दीपमाला राठौर, श्रीमती विघा साहू, मिडीया प्रभारी नारायण राठौर, सह सचिव गोपाल गोतम,ऊकार यादव,तुलेश जायसवाल , मोहन साहू, पुरषोतम खुटे उपस्थित रहे।





### मुलमुला में गुरुद्वारा प्रांगण चौक से निकली भव्य शोभा यात्रा

**मुलमुला।** संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती के अवसर पर ग्राम मूलमुला के गुरुद्वारा प्रांगण चौक से सतनाम सेवा का भव्य शोभा रैली निकाली गई। 28 दिसंबर रविवार को दोपहर 12 बजे मुख्य मार्ग से होते हुए बाजार पारा गुरुद्वारा तक पहुंची। वहां ध्वजारोहणकर सभा का आयोजन करते हुए शोभा यात्रा चौक के पास कार्यक्रम स्थल गुरुद्वारा मैदान में पहुंचा।

# रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में कुम्हली इलेवन की टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

नगर के मेला ग्राउंड में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शनिवार रात्रि को हुआ। क्रिकेट प्रतियोगिता में कुम्हली पाटन की टीम ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वही भिलाई की 108 बालाजी की टीम उपविजेता रही।

प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के नवनियुक्त अध्यक्ष रजनीश सिंह उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, समाजसेवी प्रकाश बंसल,बालाजी कैपिटल एवं डेवलपर्स के ऑनर अंकित मिश्रा वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल उपस्थित थे । अतिथियों ने भगवान शिवरीनारायण के चलचित्र की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलन के पश्चात टॉस कराकर फाइनल मैच की शुरुआत कराई। सभी अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। फाइनल मैच में टॉस जीतकर कुंबली इलेवन की टीम ने क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और भिलाई की टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। फाइनल मुकाबला 12-12 का खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए भिलाई की 108 बालाजी की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 123 बनाए।भिलाई द्वारा मिले 124 रन के लक्ष्य का पीछा हुए कुंबली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और फाइनल मुकाबले की विजेता टीम बनी। विजेता टीम को नगर के समाजसेवी प्रकाश बंसल द्वारा प्रथम पुरस्कार एक लाख 51 हजार नगद और ट्राफी प्रदान किया। वहीं उपविजेता भिलाई की टीम को बालाजी कैपिटल एवं डेवलपर्स के ऑनर इंजीनियर अंकित मिश्रा ने द्वितीय पुरस्कार 75 हजार नगद और ट्राफी प्रदान किया।पूरी प्रतियोगिता में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हैदर खान को मैंन ऑफ द सीरीज रूप में ग्यारह हजार नगद और ट्राफी राहुल सुल्तानिया द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथगण।

# विधायक राघवेंद्र ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- मंदिरों में टेका मत्था, क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य, शांति ,समृद्धि एवं खुशहाली के लिए की प्रार्थना

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने अपना जन्मदिन कार्यकर्ताओं के बीच हर्षोल्लास से मनाया। जन्मदिन पर विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों के साथ सुबह शिवरीनारायण स्थित मंदिर, नगर के मनोहर श्याम मंदिर एवं ग्राम बरगवां स्थित सिद्ध बजरंगबली मंदिर में मत्था टेक कर पूजा अर्चना करते हुए क्षेत्र वासियों के लिए स्वास्थ्य, शांति ,समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक हुए विधायक कार्यालय में अपने कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र वासियों से मिलते रहे इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की उपस्थिति में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के जन्मदिवस पर उन्हें बधाई देने के लिए सुबह से देर रात तक विधायक कार्यालय में उनके शुभचिंतकों एवं कार्यकर्ताओं का तांता लग रहा। उनके जन्म दिवस के अवसर पर मोहम्मद इमरान खान, प्रतिपाल सिंह,भविष्य चंद्राकर ,संतोष सिंह बैस , धनराज सिंह चौहान, खूलन सोनवानी,अमित सिंह बैस ,शैलेंद्र बहादुर सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह, हर्षवर्धन सिंह, गगन गुरुद्वान , मुस्कान वर्मा,अजीत सिंह राणा, शुभांकर सिंह, सौरभ सिंह,अविनाश साहू, अंकित सिंह सिसोदिया,संतोष यादव,सुंदर पटेल, प्रकाश उईके, महेश्वर टंडन, गौरव सिंह ,राजेश नायक, चमन लाल धीवर, राजेश जैन, दिनेश मिरी, संतोष यादव, मुकेश शर्मा,कन्हैया राठौर, राजेश जायसवाल, मनीष सिंह चौहान,ढेला राम कैवर्त,अजय शशि जगत, द्वारिका साव, मनोज यादव, मुकेश जैन,दीपक सिंघानिया,जुगल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, रामगोपाल रात्रे, संजय सिंह, घनश्याम लाटा, रविंद्र सिंह बैस, मयंक मनी व्यास, सूरज साहू,गोविंद देवांगन, राजा कश्यप, अर्जुन नेताम ,राम कुमारी कंवर ,नवल किशोर सिंह, सदन यादव, सुभाष शुक्ला ,डॉ रामायण सिंह, हरे मुरारी सिंह, नवल अग्रवाल, महेश भोजासिया ,रमाकांत साहू,पृथ्वीराज सिंह,जयदीप सिंह, अभिजीत सोनवानी, आदित्य सिंह, अमित यादव, संतोष सारथी, सोनू यादव एवं व्यापारी संघ, लायंस क्लब, क्रशर उद्योग संघ, सामाजिक संस्था पहल ,वेल विशर फाउंडेशन सहित विभिन्न समाज के लोग व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाते विधायक राघवेन्द्र सिंह।

# भाजयुमो ने विरोध प्रदर्शन कर फूंका सनातन विरोधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर को लेकर दिए गए बयान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने जांजगीर के कचहरी चौक में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने बयान को धार्मिक भावनाओं के खिलाफ बताते हुए तीखा विरोध जताया। स्थिति को देखते हुए कचहरी चौक पर बड़ी संख्या पुलिस बल तैनात रहा।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष आशीष सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से साधु संतों एवं सनातनियों का विरोधी रहा है और यहीकांग्रेस पार्टी के पतन का कारण भी है भारत देश साधु संतों का देश है उनका अपमान किसी भी शर्त में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा जितेंद्र देवांगन, जिला महामंत्री नंदनी राजवाड़े जिला उपध्याक्ष पंकज अग्रवाल, आशु गोस्वामी कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, मोहन, विकास शर्मा, हितेश यादव, अनिल शर्मा, रवि पाण्डेय, राकेश रुपवानी, मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर, सोनू यादव, महामंत्री हरि सोनवानी, विवेक शर्मा, संदीप साहू, राहुल सेन, गजेंद्र सिंह, , शिव चमन सिंह, विक्की सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।